# प्रेस नोट

## दिनांक 25.09.2025

**मिशन शक्ति केन्द्र थाना सिसोलर पर एक घरेलू विवाद सम्बन्धी प्रकरण में काउंसलिंग की कार्यवाही की गई।**

आज दिनांक 25.09.2025 को शिकायतकर्ता पूनम पत्नी राजेन्द्र सिंह निवासी ग्राम बड़ा लेवा थाना सिसोलर जनपद हमीरपुर द्वारा प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया गया कि उनकी बहू एवं पुत्र के बीच पारिवारिक विवाद चल रहा था, जिसके चलते बहू ने आवेश में आकर जहरीला पदार्थ खा ली थी। परिजनों द्वारा तत्काल उपचार हेतु उसे मौदहा अस्पताल ले जाया गया तथा उपचार के बाद घर लाया गया। प्रकरण की गंभीरता को दृष्टिगत रखते हुए मिशन शक्ति केन्द्र सिसोलर द्वारा शिकायतकर्ता की बहू एवं उनके पति को परामर्श हेतु बुलाया गया। दोनों पक्षों की बात ध्यानपूर्वक सुनकर, काउंसलिंग की प्रक्रिया प्रारम्भ की गई। काउंसलिंग के दौरान बहू को पारिवारिक विवाद दूर कर आपसी सामंजस्य बनाने, पुराने मनमुटाव भूलकर नये सिरे से जीवन जीने एवं आत्मघाती कदम उठाने से होने वाले दुष्परिणामों के बारे में विस्तार से समझाया गया। लगातार समझाने एवं काउंसलिंग के पश्चात दोनों पक्ष पूर्व विवाद भुलाकर आपसी सौहार्द स्थापित करने पर सहमत हुए तथा अपने घर चले गए।



